**हल** हॉफमान अमोनीअपघटन अभिक्रिया मेथिल आयोडाइड के आधिक्य की उपस्थिति में, ऐनिलीन (प्राथमिक ऐमीन) चतुष्क अमोनियम लवण बनाता है।

$$C_6H_5\ddot{N}H_2 + CH_3—I \longrightarrow [C_6H_5\overset{+}{N}H_2CH_3]\overset{-}{I}$$

ऐनिलीन → N-मेथिल ऐनिलीनियम आयोडाइड

$$2[C_6H_5\overset{+}{N}H_2CH_3]\overset{-}{I} + Na_2CO_3 \longrightarrow 2C_6H_5NHCH_3 + 2NaI + CO_2 + H_2O$$

N-मेथिल ऐनिलीन

$$C_6H_5\ddot{N}HCH_3 \xrightarrow[Na_2CO_3]{CH_3I} C_6H_5N(CH_3)_2$$

N,N-डाइमेथिल ऐनिलीन

$$C_6H_5\ddot{N}(CH_3)_2 + CH_3—I \longrightarrow [C_6H_5\overset{+}{N}(CH_3)_3\overset{-}{I}]$$


N,N,N- ट्राइमेथिल ऐनिलीनियम आयोडाइड

$$[C_6H_5\overset{+}{N}(CH_3)_3]\overset{-}{I} + Na_2CO_3 \longrightarrow [C_6H_5\overset{+}{N}(CH_3)_3]_2CO_3^{2-} + 2NaI$$

N,N,N- ट्राइमेथिल ऐनिलीनियम कार्बोनेट

**प्रश्न 7.** ऐनिलीन की बेन्जॉयल क्लोराइड के साथ रासायनिक अभिक्रिया द्वारा उत्पन्न उत्पादों के नाम लिखिए।

**हल**




बेन्जॉयल क्लोराइड    ऐनिलीन    N-फेनिल बेन्जैमाइड (बेन्जैनिलाइड)

**प्रश्न 8.** अणुसूत्र $C_3H_9N$ से प्राप्त विभिन्न समावयवों की संरचना लिखिए। उन समावयवों के आई.यू.पी.ए.सी. नाम लिखिए जो नाइट्रस अम्ल के साथ नाइट्रोजन गैस मुक्त करते हैं।

**हल** अणुसूत्र $C_3H_9N$ निम्न चार समावयवियों को प्रदर्शित करता है

(a) $CH_3CH_2CH_2NH_2$
प्रोपेन-1-ऐमीन (1°)

(b) $CH_3—\underset{NH_2}{\underset{|}{C}H}—CH_3$
प्रोपेन-2-ऐमीन (1°)

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

